केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मु.), नई दिल्ली

बालवाटिका हेतु प्रवेश सूचना 2024-25

1. बालवाटिका-1 (चयनित 50 केन्द्रीय विद्यालयों में) और 3 (चयनित 445 केन्द्रीय विद्यालयों में) प्रवेश ऑफ़लाइन मोड के माध्यम से किए जाएंगे। पंजीकरण 01.04.2024 (सोमवार) को सुबह 10:00 बजे शुरू होगा और 15.04.2024 (सोमवार) को शाम 05:00 बजे बंद हो जाएगा। बालवाटिका-2/3 (चयनित 50 केवी में) में नए प्रवेश के लिए पंजीकरण केवल तभी स्वीकार किया जाएगा जब संबंधित केवी में रिक्ति मौजूद हो।
2. बालवाटिका-1 में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 3 वर्ष होगी। सभी बालवाटिका कक्षाओं के लिए आयु की गणना 31.03.2024 के अनुसार होगी (1 अप्रैल को जन्म लेने वाला बच्चा भी अनुमान्य होगा)

कक्षा	संबन्धित वर्ष, जिसमें प्रवेश मांगा गया है, की 31 मार्च को न्यूनतम/ अधिकतम आयु,
बालवाटिका-1	3 वर्ष लेकिन 4 वर्ष से कम आयु।
बालवाटिका-2	4 वर्ष लेकिन 5 वर्ष से कम आयु।
बालवाटिका-3	5 वर्ष लेकिन 6 वर्ष से कम आयु।

टिप्पणी:

प्राचार्य द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (CwSN) के मामले में अधिकतम आयु सीमा में दो वर्ष की छूट दी जा सकती है।

3. के॰वि॰सं॰ प्रवेश-दिशानिर्देश 2024-25 में उल्लिखित प्राथमिकता श्रेणी और आरक्षण मानदंडों के अनुसार प्रवेश दिया जाएगा।
4. यदि आवेदन पत्र में कोई गलत/ भ्रामक जानकारी दी गई है तो केवि में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।
5. प्राचार्य/प्रवेश प्रभारी द्वारा विद्यालय में बुलाए जाने पर, निर्धारित समय अंतराल में ही संपर्क करें।